# आप पिछली पीढ़ी की तुलना में ज्यादा जीने जा रहे हैं!!!
# क्या आपने लंबे सेवानिवृत्त जीवन की योजना बनाई है?

## सेवानिवृत्ति योजना क्यों जरूरी है?

- क्योंकि आपकी दूसरी पारी अर्थात् वृद्धावस्था में, आपकी चिकित्सा–संबंधी जरूरतें बहुत महंगी होने वाली हैं;
- क्योंकि आप अपने बच्चों के पैसों से अपना खर्च चलाना पसंद नहीं करेंगे;
- क्योंकि आप चाहेंगे कि आपकी सेवानिवृत्ति, आपकी कड़ी मेहनत का ईनाम हो न कि एक सज़ा;
- क्योंकि आप यह नहीं चाहेंगे कि आपकी सेवानिवृत्ति आपकी आकांक्षाओं का अंतिम पड़ाव हो बल्कि नई महत्वकांक्षाओं की एक नई शुरूआत हो;
- क्योंकि आप काम से सेवानिवृत्त होना चाहेंगे, जीवन से नहीं।

## सेवानिवृत्ति योजना क्या है?

- सरल भाषा में, सेवानिवृत्ति योजना एक ऐसी योजना है जो किसी व्यक्ति को सक्रिय सेवा काल के बाद के जीवन के लिए तैयार करती है।
- विवेकपूर्ण सेवानिवृत्ति योजना में भावी सुरक्षा और जरूरतों को पूरा करने के लिए सेवानिवृत्ति कोष का निर्माण किया जाता है, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद आपकी और आपके प्रियजनों की इच्छाओं और विभिन्न जरूरतों को पूरा किया जा सके।

**आरामदायक सेवानिवृत्ति की व्यवस्था करने के लिए वित्तीय योजना जरूरी होती है।**

विचार करें

**राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)**

nps national pension system

Save Right Retire Bright

अपने निकटतम **पीओपी–एसपी** का पता लगाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करें

**1800 110 708**

OR

**SMS**

**NPS to 56677***

* मानक शुल्क लागू

एनपीएस के बारे में अधिक जानकारी के लिए और **पीओपी–एसपी** सूची देखने के लिए कृपया पीएफआरडीए की वेबसाइट **www.pfrda.org.in** देखें

## एनपीएस क्या है?

एक ऐसी कुशल एवं प्रौद्योगिकी संचालित प्रणाली जो आज छोटी–छोटी राशि की बचत कराकर, जीवन की दूसरी पारी के लिए एक कोष का निर्माण करती है।

## एनपीएस ही क्यों?

- कम लागत उत्पाद
- व्यक्तियों, कर्मचारियों और नियोक्ताओं को कर लाभ
- बाजार आधारित आकर्षक प्रतिलाभ
- सुरक्षित, भरोसेमंद और संवहनीय
- अनुभवी पेंशन निधियों द्वारा व्यवसायिक प्रबंधन
- संसद के एक अधिनियम के तहत स्थापित एक विनियामक प्राधिकरण – पीएफआरडीए द्वारा विनियमन

## इसमें कौन–कौन शामिल हो सकते हैं?

यदि आप निम्न में से कोई एक या सभी शर्तें पूरी करते हैं, तो आप इस योजना में शामिल हो सकते हैं :–

- भारत के नागरिक; निवासी या अनिवासी
- शामिल होने के समय आपकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो
- वेतनभोगी या स्व–रोजगार।

## मैं एनपीएस खाता कहाँ खोल सकता हूँ?

पीएफआरडीए द्वारा अधिकृत किसी भी प्वाइंट ऑफ प्रेजेन्स–सेवा प्रदाता (पीओपी–एसपी) के पास।

वृद्धावस्था आय सुरक्षा के लिए
जन जागरूकता प्रयास

pfrda

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण
Pension Fund Regulatory and Development Authority

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर